# कार्यालय उप निदेशक निर्माण एवं संयंत्र (सामान्य)

**गो.ब. पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पन्तनगर, ऊधमसिंह नगर**

दिनाँक: 15.01.2026

पत्रांक: उ.नि.सा / 1459

## निविदा सूचना

इस विश्वविद्यालय एवं राजकीय एजेंसियों तथा उत्तराखण्ड शासन द्वारा नामित कार्यदायी संस्थाओं में पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मो से निम्नलिखित कार्यों हेतु मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। कार्य की निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से **दिनाँक 28.01.2026 को सांय 5.00 बजे तक खरीदे जा सकते हैं।** मुहरबन्द निविदायें दिनाँक 29.01.2026 अपरान्ह 3.00 बजे तक सुरक्षा अधिकारी के कार्यालय में निविदा पेटिका में प्राप्त की जायेंगी। निविदायें दिनाँक 29.01.2026 को ही अपरान्ह 3.30 बजे निदेशक, निर्माण एवं संयंत्र कार्यालय में उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष निविदा समिति द्वारा खोली जायेंगी। निर्धारित दिनाँक व समय के पश्चात प्राप्त निविदाओं एवं शर्तयुक्त निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। धरोहर राशि नकद जमा प्रपत्र अथवा बैंक सावधि प्रतिभूति के रूप में जो नियंत्रक, गो. ब. पन्त एवं प्रौ. विश्वविद्यालय, पन्तनगर के नाम देय होगी। रू. 100 (एक सौ रूपये मात्र) के स्टाम्प पेपर पर रू. 1.00 (एक रूपया मात्र) का राजस्व टिकट चस्पा कर हस्ताक्षर करके, **निविदा के मुहरबन्द लिफाफे से अलग लिफाफे में मुहरबन्द कर देना होगा अन्यथा निविदा मान्य नहीं होगी।** निविदा विश्वविद्यालय की शर्तों के अनुरूप न होने पर बिना कारण बताये विश्वविद्यालय को एक अथवा समस्त निविदायें निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा। निविदा की वैधता चार माह होगी। सरकार संस्थायें निविदा मूल्य एवं धरोहर राशि से मुक्त होगी। **निविदादाता द्वारा विगत 05 वर्षों के दौरान किसी 01 वर्ष में प्राप्त भुगतान की राशि के बराबर धनराशि / लागत के कार्य हेतु निविदा दी जा सकती है। निविदादाता द्वारा विगत 05 वर्षों के दौरान किसी 01 वर्ष में दी जा रही निविदा की राशि के 50 प्रतिशत तक कार्य को पूर्ण करने का अनुभव होना आवश्यक है। कार्य अनुबन्ध से पूर्व फर्म / ठेकेदार को कार्य की अनुमानित लागत पर 5 प्रतिशत परफोरमेंस सिक्योरिटी देनी होगी तथा देयक से 01 प्रतिशत लेवर सैस की कटौती भी की जायेगी।**

| क. सं. | कार्य का नाम | धरोहर राशि (रू.) | निविदा प्रपत्र मूल्य (रू.) | कार्य अवधि | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | Repair/ renovation work of Pant bhawan hostel. | 20,000.00 | 500+18% G.S.T | 04 माह | अ / ब / स / द |

उप निदेशक
निर्माण एवं संयंत्र (सामान्य)

**प्रतिलिपिः**

1. निदेशक निर्माण एवं संयंत्र।
2. उपनिदेशक (नि. / सा. / जल / वि.)।
3. नियंत्रक।
4. सुरक्षा अधिकारी।
5. प्रभारी अधिकारी, विश्वविद्यालय बैवसाइड, प्रौद्योगिक महाविद्यालय।
6. कुलपति जी के विशेष कार्याधिकारी को कुलपति महोदय के सूचनार्थ।